विषय-सूची

ग्रह शांति प्रयोग एवं उपचार पूजन 3
खण्ड 1 -इकाई 1 3
नान्दी श्राद्ध सहित -1 3
इकाई 2 6
नान्दी श्राद्ध सहित 6
इकाई-3 10
नान्दी श्राद्ध सहीत 10
इकाई-4 13
नान्दीश्राद्धसाहिद्ध 13
इकाई-5 17
नान्दीश्राद्ध साहिद्ध 17
खण्ड-2 20
इकाई-6 20
प्रतिष्ठा मंत्रम् 27
इकाई -7 27
नवग्रह शान्ति 27
इकाई-:8 62
नवग्रह शान्ति 62
इकाई-:9 111

शनि 111
इकाई -10 170
कुण्डली दोष समन 170
खण्डः-3 201
इकाई 11 : हवन 201
इकाई-12 262
ग्रह होम दान 262
इकाई-13 292
गुरू ग्रह होम एवं शुक्र ग्रह होम 292
इकाई-14 334
शनि, राहु एवं केतु ग्रह होम 334
इकाई 15 364
नवग्रह दान 364
खण्ड-4 368
इकाई-16 पंचोउपचार - 368
इकाई- 17 374
दशोपचार-: 374
इकाई- 18 षोडशोपचार-: 378
इकाई- 19 राजोपचार 389
इकाई- 20 षोडशोपचार, राजोपचार, संकल्प, विनियोग, अंगपूजन, आवरणपूजन एवं अर्चन 410

ग्रह शांति प्रयोग एवम् उपचार पूजन

खण्ड 1 इकाई- 1

नान्दी-श्राद्धसहित -1

प्रस्तावना

नान्दी श्राद्ध हमारे सनातन परंपरा का अभीष्ट अंग है वैसे तो श्राद्ध का पक्ष विशेष होता है तथा तर्पण करने का विधान हमेंशा का है मगर नान्दी श्राद्ध हर अक्सर पर किये जाने वाला कर्म है। इससे पितृगण प्रसन्न होते है इसके अध्ययन से छात्रों को याज्ञिक कर्म में भी श्राद्ध का प्रयोग होता है, यह जानकारी प्राप्त हो।

इकाई एक के क्रम में निम्नलिखित विशेषयों को प्रकाशित किया गया है।

क. पलाश पत्र का चयन

ख. पलाश पत्र पर रेखाकरण और पितृगणों का आवाहन एवम् आसन

ग. पितृरों के निमित्र दान

घ. संकल्प तथा पितृ-अर्चन विधि का निरूपण

पलाश पत्र से विजन प्रक्रिया - नान्दी श्राद्ध में सर्वप्रथम पलाश पत्र चुन कर इसके के माध्यम से चार पाँच पत्तो को जोड कर एक पत्तल का निर्माण कर लेपत्तल इतना कडा हो कि इसको चार भागों में बाटा जा सके बने हूए पत्तल को क्रमशः 1 2 3 4 खानो में बार कर सावधानी पूर्वक प्रत्येकखानो में पितृ का आवहन करना चाहिए।

आसन

श्राद्ध में पूरी श्रद्धा से पितरो को आसन देना चाहिए। आसन के

लिए पहले तो कुश अगर कुश न हो तो दूर्वा का भी आसन दिया जा सकता है आसन संकल्प के साथ प्रत्येक खानो में प्रदान करना चाहिऐ।

दान:- श्राद्ध में पितरो के लिऐ दान का विधान है। वस्त्र जनेऊ, चंदन, फल, पानसुपारी तथा दक्षिणा आदि के साथ भोजन के निमित्त दक्षिणा देने का विधान है।

संकल्प - श्राद्ध में संकल्प का बडा महत्व है बिना संकल्प के कोई भी कार्य सफल नहीं होता। इसलिए प्रत्येक वस्तु संकल्प के साथ चढानी चाहिए।

पाद्य चाहे देव हो, या पितर हो, पूजा में इनके आगमन (आवाहन) के बाद सबसे पहले पैर धुलने की प्रक्रिया है। पैर धुलने कि प्रक्रिया को हि पाद्य शब्द से सम्बोधित किया गया है। श्राद्ध में अवाहन के बाद संकल्प के साथ प्रत्येक खानो में आवाहित पितरो को पाद्य (पैर धुलने) के निमित्त जल देना चाहिऐ -

अर्घ्याचन - पैर धुलने के बाद एक -एक आचमनी जल अर्घ्य के लिए देना चाहिए अर्घ्य हाथ धुलने की प्रक्रिया को कहा जाता है

तथा उसके उपरान्त आचमन का विधान है।

स्नान- पाद्य अर्घ्य आचमन के बाद सभी अंगों के शुद्धों के निमित्त स्नान के लिये जल देना चाहिऐ-

बोध प्रश्न

1. नांदी श्राद्ध में किस पत्र का महत्व है।

    1. पीपल   2. बरगद

    3. आम   4. पलाश

2. नांदी श्राद्ध में पात्र पर कितने खाने बनते है।

    1. एक   2. दो

    3. तीन   4. चार

3. नांदी श्राद्ध पालश के अभाव में किस धातु के बर्तन में किया जा सकता है।

    1. पीतल   2. लोहा

    3. चीनी-मिट्टी   4. मिट्टी

इकाई 2
नान्दीश्राद्ध सहित

प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई में नांदी श्राद्ध में पितरों के आवाहन की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया है।

उददेश्य-

इस इकाई के अध्ययन से पितरों का आवाहन किस विधा से किया जाए इसका ज्ञान प्राप्त होगा।

पितृ-अवाहन - सबसे पहले पलास पत्र से बने पत्तल को चार भागो में बाट ले फिर संकल्प के साथ पितरों का अवाहन करना चाहिऐ

संकल्पः- हाथ में कुश अक्षत जल पुष्प और द्रव्य लेकर संकल्प करें संकल्पमात्र से ही पितरों का अवाहन माना जाता है।

संकल्पः-

अद्येत्यादिदेशकालौ संकीर्त्य अमुकगोत्राणां मातृपितामही-प्रपितामहीनाम् अमुकामुकदेवीनां गायत्रीसावित्रीसरस्वती स्वरूपिण्यां नान्दीमुखीनाम् अमुकगोत्राणां पितृपितामहप्रपितामहानाम् अमुकामुकदेवानाम् वसुरुद्रादित्य स्वरूपाणां नान्दीमुखानाम् तथा अमुकगोत्राणां प्रमातामहवृद्धप्रमातामहा अमुकामुकदेवानां सपत्नीकानाम् अग्निवरुणप्रजापति स्वरूपाणां नान्दीमुखानां प्रीतये अमुककर्मनिमित्तकं सत्यवसुसंज्ञकविश्वेदेवपूर्वकं संक्षिप्तसङ्कल्पविधिना नान्दीमुखश्राद्धमहं करिष्ये।।

न स्वधाशर्मवर्मेति पितृनाम चोच्चरेत्।

न कर्म पितृतीर्थेन न कुशा द्विगुणीकृताः।।

न तिलैर्नापसव्येन पित्र्यामन्त्रविवर्जितम्।

अस्मच्छब्दं न कुर्वीत श्राद्धे नान्दीमुखे क्वचित्।।

पाद प्रक्षालनम् - बने हुए चार खानो में क्रमशः एक-एक खानों में संकल्प के

बाद संकल्प के साथ, हाथ में जल लेकर छोड़ना चाहिऐ -

ॐ सत्यवसुसंज्ञकाः विश्वेदेवाः नान्दीमुखाः

ॐ भूर्भुवः स्वः इदं वः पाद्यं पादावनेजनं पादप्रक्षालनं वृद्धिः।

ॐ मातृ-पितामही प्रपितामहाः नान्दीमुख्यः

ॐ भूर्भुवः स्वः इदं यः पाद्यं पादावनेजनं पादप्रक्षालनं वृद्धिः।

ॐ पितृ-पितामह-प्रपितामहाः नान्दीमुखाः

ॐ भूर्भुवः स्वः इदं वः पाद्यं पादावनेजनं पादप्रक्षालनं वृद्धिः।

ॐ मातामह-प्रमातामह-वृद्धप्रमातामहाः सपत्नीकाः नान्दीमुखाः

ॐ भूर्भुवः स्वः इदं वः पाद्यं पादावनेजनं पादप्रक्षालनं वृद्धिः।

आसन - पाद प्रक्षालन के बाद बतलायी गयी पूर्वा क्रियानुसार ही एक-एक खानोमें आसन प्रदान करना चाहिए।

ॐ सत्यवसुसंज्ञकाः विश्वेदेवाः नान्दीमुखाः

ॐ भूर्भुवः स्वः इमें आसने वो नमो नमः, नान्दीश्राद्धेक्षणी क्रियेतां तथा प्राप्नुवन्तो भवन्तः तथा प्राप्नुवामः।

ॐ मातृ-पितामही-प्रपितामह्यः नान्दीमुख्यः ॐ भूर्भुवः स्वः इमें

आसने वो नमो नमः, नान्दीश्राद्धेक्षणौ क्रियेतां यथा प्राप्नुवन्त्यो

भवन्त्यः तथा प्राप्नुवामः।

ॐ पितृ-पितामह-प्रपितामहाः नान्दीमुखाः

ॐ भूर्भुवः स्वः इमें आसने वो नमो नमः नान्दीश्राद्वेक्षणौ क्रियेतां यथा प्राप्नुवन्तो भवन्तः तथा प्राप्नुवामः।

ॐ मातामह-प्रमातामह वृद्धप्रमातामहाः सपत्नीकाः नान्दीमुखाः

ॐ भूर्भुवः स्वः इमें आसने वो नमो नमः, नान्दीश्राद्धेक्षणं क्रियेतां यथा प्राप्नुवन्तो भवन्तः तथा प्राप्नुवामः।

बोध प्रश्न

1. पालश पत्र को कितने खानों में बांटा जाता है।

   1. एक　　2. दो

   3. तीन　　4. चार

2. पिता के पिता को संस्कृति में कहते है।

   1. पितामह　　2. प्रपितामह

   3. विधिप प्रपितामह　　4. पिता

3. नाना को नांदी मुख श्राद्ध में क्या कहते है।

   1. बंधु　　2. पिता

   3. तात　　4. मातामह

अभ्यास प्रश्न

प्रश्न - 1 नांदी मुख श्राद्ध कब की जाती है,

प्रश्न - 2 नांदी मुख श्राद्ध करने का विधान कहां-कहां है।

प्रश्न - 3 नांदीमुख श्राद्ध पितरों का स्थान क्रमवार बताये।

इकाई-3
नान्दीश्राद्ध सहित

प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई में नांदी मुख श्राद्ध में पितरों के निमित्त पूजन में प्रयुक्त सामग्री पर प्रकाश डाला गया है।

उददेश्य-

इस इकाई के अध्ययन से नांदीमुख श्राद्ध, पितरों के निमित्त प्रदान की जाने वाली वस्तु का ज्ञान प्राप्त होगा।

दूर्वादिपूजन- आसन के बाद विश्वेदेव तथा पित्तरो के लिए पित्तरो (मातृ

पितामही प्रपितामही पितामह प्रपितामह सपतनीक मातामह प्रमातामह वृद्धमातामह) के लिए आसन पर क्रमसः जल, वस्त्र, यज्ञोपवीत, चन्दन, अक्षत, पुष्प, धूप, दीपनैवेद्य, ऋतुफल, पान-सुपारी चढाना चाहिऐ-

अत्रापः पान्तु। इमें वाससी सुवाससी। इमानि यज्ञोपवीतानि सुयज्ञोपवीतानि। अयं वो गन्धः सुगन्धः। इमें अक्षताः स्वक्षताः। इमानि पुष्पाणि सुपुष्पाणि। अयं वो धूपः सुधूपः। अयं वो दीपः सुदीपः। इदं नैवेद्यं सुनैवेद्यम्। इमानि ऋतुफलानि सुऋतुफलानि। इदं ताम्बूलं सुताम्बूलम्। इदं पूगीफलं सुपूगीफलम्।

ॐ सत्यवसुसंज्ञकाः विश्वेदेवाः नान्दीमुखाः

ॐ भूर्भुवः स्वः इदं गन्धाद्यर्चनं स्वाहा सम्पद्यतां वृद्धिः।

ॐ मातृ-पितामही-प्रपितामह्यः नान्दीमुख्यः

ॐ भूर्भुवः स्वः इदंगन्धाद्यर्चनं स्वाहा सम्पद्यतां वृद्धिः।

देवार्जन-विधि-प्रबन्धः

ॐ पितृ-पितामह प्रपितामहाः नान्दीमुखाः

ॐ भूर्भुवः स्वः इदं गन्धाद्यर्चनं स्वाहा सम्पद्यतां वृद्धिः।

ॐ मातामह-प्रमातामह-वृद्धप्रमातामहाः सपत्नीकाः नान्दीमुखाः

ॐ भूर्भुवः स्वः इदं गन्धाद्यर्चनं स्वाहा सम्पद्यतां वृद्धिः।।

बोध प्रश्न

1. नांदी मुख श्राद्ध में आसन निमित्त प्रदान किया जाता है।

    1. जौ 2. दही
    3. मधु 4. दूर्वा

2. नांदी मुख श्राद्ध में पितरों के स्नान के निमित्त देना चाहिए।

    1. मधु 2. जौ
    3. जल 4. बदरीपत्र

3 नांदी मुख श्राद्ध में सभी पितरों का पूजन करना चाहिए।

    1. अलग-अलग 2. एक तंत्रेण
    3. पिता पक्ष का अलग 4. नाना पक्ष का अलग

अभ्यास प्रश्न

प्रश्न - 1 नांदी मुख श्राद्ध में प्रयुक्त होने वाली सामग्री के नाम लिखे।

प्रश्न - 2 नांदी मुख श्राद्ध में पितरों के निमित्त आसन को क्या कहते है।

प्रश्न - 3 नांदी मुख श्राद्ध में पितरों के पूजन विधि पर प्रकाशन डाले ।

इकाई-4
नान्दीश्राद्धसाहिद्ध

प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई में नांदी मुख श्राद्ध में पितरों के निमित्त भोजन पर प्रकाश डाला गया है।

उददेश्य-

इस इकाई के अध्ययन से नांदी मुख श्राद्ध में पितरों के निमित्त प्रदान किए जाने वाले भोज्य पदार्थ का ज्ञान प्राप्त होगा।

भोजनादिक संकल्प - पूजन के उपरान्त पित्तरो के निमित्त भोजन के निमित्त कुछ न कुछ खाद्य पदार्थ मुनक्का आंवला तथा दक्षिणा लेकर प्रत्येक खानों में छोड़ना चाहिए

ॐ सत्यवसुसंज्ञकाः विश्वेदेवाः नान्दीमुखाः

ॐ भूर्भुवः स्वः इदं युग्मब्राह्मणभोजन पर्याप्ताऽऽमान्न निष्क्रयभूतं द्रव्यम अमृत रूपेण स्वाहा सम्पद्यतां वृद्धिः।

ॐ मातृ पितामही प्रपितामह्यः नान्दीमुख्यः

ॐ भूर्भुवः स्वः इदं

युग्म ब्राह्मण भोजन पर्याप्ताऽऽमान्न निष्क्रयभूतं द्रव्यम अमृत रूपेण स्वाहासम्पद्यतां वृद्धिः।

ॐ पितृपितामहप्रपितामहाः नान्दीमुखाः ॐ भूर्भुवः स्वः इदं युग्म-ब्राह्मण भोजन पर्याप्ताऽऽमान्न निष्क्रयभूतं द्रव्यं अमृत रूपेण स्वाहा सम्पद्यतां वृद्धिः।

ॐ मातामह प्रमातामह वृद्धप्रमातामहाः सपत्नीकाः नान्दीमुखाः ॐ भूर्भुवः स्वः इदं युग्म ब्राह्मण भोजनपर्याप्ताऽऽमान्न निष्क्रयभूतं द्रव्यं अमृत रूपेण स्वाहा सम्पद्यताम् वृद्धिः।

सक्षीरयवमुदकदानम्

ॐ सत्यवसुसंज्ञकाः विश्वेदेवाः नान्दीमुखाः प्रीयन्ताम्।

मातृ-पितामही प्रपितामह्यःनान्दीमुख्यःप्रीयन्ताम्।

पितृ-पितामह प्रपितामहाः नान्दीमुखाः प्रीयन्ताम्।

नान्दी-मुखाः प्रीयन्ताम्।

मातामहप्रमातामहवृद्धप्रमातामहाःसपत्नीकाः

जलाऽक्षतपुष्पप्रदानम्

जल, पुष्प एवं चावल सभी आसनों पर छोडें

चतुर्थस्थानेषु- शिवा आपः सन्तु इति जलम्। सौमनस्यमस्तु इति पुष्पम्। अक्षतं चाऽरिष्टं चाऽस्तु इत्यक्षताः।

जलधारादानम् पितरों के लिए अंगूठे की ओर से पूर्वाग्र जलधारा दें।

ॐ अघोराः पितरः सन्तु। इति पूर्वाग्रां जलधारां दद्यात्।।

आशीर्वादप्रार्थना हाथ जोड़कर प्रार्थना करें।

यजमानः कृताञ्जलिः प्रार्थयेत्-

ॐ गोत्रन्नो वर्धतां दातारो नोऽभिवर्धन्तां वेदाः सन्ततिरेव च। श्रद्धा च नो मा व्यगमद् बहूदेयं च नो अस्तु। अन्नं च नो बहू भवेदतिथीश्च लभेमहि। याचितारश्च नः सन्तु मा च याचिष्म कञ्चन। एताः सत्या आशिषः सन्तु।

ब्राह्मणाः सन्त्वेताः सत्या आशिषः।

दक्षिणादानम्-

मुनक्का, आँवला, यव तथा अदरख मूल आदि लेकर दक्षिणा सहित अलग- अलग संकल्प पूर्वक अर्पण करें।

ॐ सत्यवसुसंज्ञकाः विश्वेदेवाः नान्दीमुखाः ॐ भूर्भुवः स्वः कृतस्य नान्दीश्राद्धस्य फल प्रतिष्ठा सिद्ध्यर्थं द्राक्षाऽऽमलकयवमूलनिष्क्रयिणीदक्षिणां दातुं अहम् उत्सृजे।

ॐ मातृपितामहीप्रपितामह्यः नान्दीमुख्यः ॐ भूर्भुवः स्वः कृतस्य नान्दीश्राद्धस्य फल प्रतिष्ठा सिद्ध्यर्थं द्राक्षाऽऽमलक यव मूल निष्क्रयिणी दक्षिणां दातुं अहम् उत्सृजे।

ॐ पितृ पितामह प्रपितामहाः नान्दीमुखाः ॐ भूर्भुवः स्वः कृतस्य नान्दीश्राद्धस्य फल प्रतिष्ठा सिद्ध्यर्थं द्राक्षाऽऽमलक यव मूल निष्क्रयिणी दक्षिणां दातुं अहं उत्सृजे।

ॐ मातामह प्रमातामह वृद्धप्रमातामहाः सपत्नीकाः नान्दीमुखाः

बोध प्रश्न

1. नांदी मुख श्राद्ध में पितरों को भोजन के निमित्त देना चाहिए।

    1. साबूत अन्य   2. दूध-दही

    3. दूर्वा   4. आंवला मुनक्का

2. नांदी मुख श्राद्ध में पितरों को भोजन देना चाहिए ।

    1. पिता पक्ष को अलग पदार्थ   2. नाना पक्ष को अलग पदार्थ

    3. एक ही पदार्थ सभी पक्षों को   4. इनमें से कोई नहीं

3 नांदी मुख श्राद्ध में भोजन हेतु महत्व है।

    1. दूध-दही का   2. बन हुए पकवानों का

    3. खीर का   4. आंवला मुन्नका

अभ्यास प्रश्न

प्रश्न - 1 नांदी मुख श्राद्ध में भोजन की प्रक्रिया पर प्रकाश डालें।

प्रश्न - 2 नांदी मुख श्राद्ध में पितरों के निमित्त कौन सा भोजन प्रयुक्त होता है।

प्रश्न - 3 नांदी मुख श्राद्ध में पितरों के भोजन के संकल्प स्पष्ट करें ।

इकाई-5
नान्दीश्राद्ध साहिद्

प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई में नांदीमुख श्राद्ध में पितरों के विसर्जन पर प्रकाश डाला गया है।

उददेश्य-

इस इकाई के अध्ययन से नांदी मुख श्राद्ध पितरों के विसर्जन का ज्ञान प्राप्त होगा।

विसर्जन विधान - हाथ में जल अक्षत पुष्प लेकर सभी आसनो पर छोड़ा जाता है तथा आशीर्वाद की कामना करना चाहिए

देवार्चनविधिप्रबन्धः

ॐ भूर्भुवः स्वः कृतस्य नान्दीश्राद्धस्य फलप्रतिष्ठासिद्ध्यर्थं द्राक्षाऽऽमलकयवमूल निष्क्रयिणीं दक्षिणां दातुं अहम् उत्सृजे। मन्त्रः - (यजमानः वदेत्) (यजमान स्वयं कहे।)

ॐ उपास्म्मै गायतां नरः पवमानायेन्दवे। अभि देवाँ २ ऽइयक्षते। ॐ इडामग्ने पुरुदस सनिंगोः शश्वत्तम हव मानाय साध। स्यान्नः सूनुस्तनयो व्विजावाग्ने सा ते सुमतिर्भूत्वस्मे।। अनेन नान्दीश्राद्धं सम्पन्नम् इति यजमानः।

ब्राह्मणाः-- सुसम्पन्नम्।

विसर्जन- तथा हाथ जोड़कर सभी पित्तरो का अपने-अपने लोक जाने के लिएनिवेदन करना चाहिए

विसर्जनम् - निम्न मंत्र पढ़कर विसर्जन करें।

ॐ व्याजेवाजेऽवत व्वाजिनो नो धनेषुविप्प्राऽअमृताऽऋतज्ञाः।

अस्य मद्ध्वः पिबत मादयध्वं तृप्ता यात पथिभिर्देवयानैः।

अनुव्रजनम्

ॐ आ मा व्याजस्य प्रसवो जगम्यादेमें द्यावापृथिवी व्विश्वरूपे।

आ मा गन्तां पितरो मातश्र् चा मा सोमोऽअमृतत्वेन गम्म्यात्।।

अस्मिन् नान्दी श्राद्धे न्यूनातिरिक्तो यो विधिः स उपविष्ट ब्राह्मणानां वचनात् श्री गणपति प्रसादाच्च सर्वः परिपूर्णोऽस्तु। अस्तु परिपूर्णः इति विप्राः।

बोध प्रश्न -

1. नांदी मुख श्राद्ध में पितरों को विसृजन किया जाता है।

   1. पूजन के पूर्व 2. पूजन के पश्चात

   3. पूजन के मध्य 4. स्नान के उपरांत

2. नांदी मुख श्राद्ध में पितरों के विसर्जन को हाथ में लेना चाहिए ।

   1. दीपक 2. फल

   3. दूध-दही 4. जल, जौ एवं पुष्प

3 नांदी मुख श्राद्ध में विसर्जन करना चाहिए।

   1. अलग-अलग 2. एक तंत्रेण

   3. पिता और नाना का एक साथ 4. इनमें से कोई नहीं

अभ्यास प्रश्न

प्रश्न - 1 नांदी मुख श्राद्ध में विसर्जन के पश्चात पितरों से आशीर्वाद की प्रक्रिया पर प्रकाश डालें।

प्रश्न - 2 नांदी मुख श्राद्ध में पितरों के विसर्जन पर प्रकाश डालें।

प्रश्न - 3 नांदी मुख श्राद्ध में पितरों निमित्त किये गये दाक्षिणा दान की विसर्जन की विधि पर विधिवत प्रकाश डालें।

खण्ड-2

इकाई-6

प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई के अध्ययन से नवग्रह पीठ निर्माण तथा ग्रहों की स्थापना पर प्रकाश डाला गया है।

उद्देश्य-

इस इकाई के अध्ययन से नवग्रह के स्थान/स्थापना तथा निर्माण का ज्ञान प्राप्त होगा।

नवग्रह शान्ति- नवग्रह पीठ समापन ग्रहों का हमारे जीवन पर बड़ा प्रभाव होता है।

ग्रह यदि प्रतिकूल हो तो अशान्ति बनी रहती है जीवन में शान्ति के लिए ग्रहशांति कर्म काण्ड में बतलाई गयी है ग्रहो की शांति के लिए सर्वप्रथम नवग्रहपीठ की स्थापना की जाती है तथा गौरी गणेश कलश षोडशमात्रिका तथा नवग्रह पीठ की स्थापना करके सबका विधवत् पूजन करते हुए नवग्रह शांति करनी चाहिए।

नवग्रह-पीठ- काष्ठ की चैकोर चैकी पर श्वेत वस्त्र बांधकर चित्रानुसार रचना करनी चाहिए

नवग्रह-मण्डलम्



सूर्यावाहन - वेदी के मध्य में ऊपर से पाँचवे कोष्ठक में सूर्य की रचना लाल

रंग में रंगे हुए चावल से करनी चाहिए, सूर्य की आकृति बनानी चाहिए सम्भव हो

तो मूर्ति भी बनानी चाहिए तथा निम्न मंत्र से सूर्य का आवाहन करना चाहिए

सूर्यम्- मण्डल के मध्य में ॐ आकृष्णेन रजसा व्वर्त्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यञ्च। हिरण्ययेन सविता रथेना देवो याति भुवनानिपश्यन्।

जपाकुसुमसङ्काशंकाश्यपेयंमहाद्युतिम्।

तमोऽरिं सर्वपापघ्नंसूर्यम् आवाहयाम्यहम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः कलिङ्गदेशोद्भवकाश्यपगोत्ररक्तवर्ण भो सूर्य इहागच्छ।

इह तिष्ठ, सूर्याय नमः, सूर्यं आवाहयामि स्थापयामि।

चन्द्रमा- नवग्रह पीठ के ऊपर से तीसरे खाने में तथा अग्नि कोण वाले कोष्ठक में सफेद चावल से रंगे चित्रानुसार चन्द्रमा का आवाहन करना चाहिए

मंत्र

चन्द्रम् - अग्निकोण में ॐ इमं देवा ऽअसपत्न सुवद्ध्वं महते क्षत्राय महते ज्यैष्ठ्याय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियय्। इमममुष्य पुत्रममुष्यैपुत्रमस्यै व्विश ऽएष वोऽभि राजा सोमोऽस्माकं ब्राह्मणानां राजा।

दधि शङ्ख तुषाराभं क्षीरोदार्णव सम्भवम्।

ज्योत्स्नापतिं निशानाथं सोमंभावाहयाम्यहम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः यमुनातीरोद्भव आत्रेयगोत्र शुक्लवर्ण भो सोम इहागच्छ इह तिष्ठ, सोमाय नमः सोमभावाहयामि स्थापयामि।

भौम - पीठ के छाठवे खाने तथा दक्षिण काष्ठक में रक्त चावल से भौम का (मंगल) आवाहन करना चाहिए

मंत्र-

भौमम्- दक्षिण में ॐ अग्निर्मूर्द्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या ऽअयम्। अपा रेता सि जिन्वति।

धरणीगर्भसम्भूतं विद्युत्तेजस्समं प्रभम्।

कुमारं शक्तिहस्तं च भौममावाहयाम्हम् ।।

ॐ भूर्भुवः स्वः अवन्तिकापुरोद्भव भरद्वाजसगोत्र रक्तवर्ण भो भौम, इहागच्छइह तिष्ठ भौमाय नमः भौमम् आवाहयामि स्थापयामि।

बुध- पीठ के प्रथम खाने में तथा ईसान कोण के कोष्ठक में हरे रंग से चावलसे बुध का आवाहन करना चाहिए

मंत्र-

बुधम्- ईशानकोण में ॐ उद्बुध्यस्वाग्ने प्रतिजागृहि त्वमिष्टापूर्ते स सृजेथा मयं च। अस्मिन्त्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन् 'विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत।

प्रियङ्गुकलिकाभासं रूपेणाप्रतिमं बुधम्।

सौम्यं सौम्यगुणोपेतं बुधंमावाहयाम्यहम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः मगधिदेशोद्भव आत्रेयगोत्र हरितवर्ण भो बुध इहागच्छ, इह तिष्ठ, बुधाय नमः, बुधम् आवाहयामि स्थापयामि।

बृहस्पति- नवग्रह पीठ के चैथे खाने तथा उत्तर वाले कोष्ठक में पीले रंग से चावल के बृहस्पति का आवाहन करना चाहिए।

मंत्र

बृहस्पतिम् - उत्तर में ॐ बृहस्पते ऽअति यदर्योऽअर्हाद्युमद्विभाति कक्रतुमज्जनेषु। यद्दीदयच्छवस ऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहिचित्रम्।

देवानां च मुनीनां च गुरुं काञ्चनसन्निभम्।

वन्द्यभूतं त्रिलोकानां गुरुंमावाहयाम्हम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः सिन्धुदेशोद्भव आङ्गिरसगोत्र पीतवर्ण भो बृहस्पते

इहागच्छ इहतिष्ठ बृहस्पतये नमः बृहस्पतिम् आवाहयामि स्थापयामि।।

शुक्र- नवग्रह के दूसरे खाने तथा पूर्व कोष्ठक में सफेद चावल से शुक्र की स्थापना करना चाहिए

मंत्र-

शुक्रम्- पूर्व में- ॐ अत्रात्परिसुतो रसं ब्रह्मणा व्यपिवत्क्षत्रं पयः सोमं प्रजापतिः। ऋतेन सत्यमिन्द्रियं विपान शुक्क्रमन्धरा ऽइन्द्रस्येद्रिन्यमिदं पर्याऽमृतं मधु।।

हिमकुन्दमृणालाभं दैत्यानां परमं गुरुम्।

सर्वशास्त्र प्रवक्तारं शुक्रंमावाहयाम्यहम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः भोजकटदेशोद्भव भार्गवसगोत्र शुक्लवर्ण भी शुक्र इहागच्छ इह तिष्ठ शुक्राय नम शुक्रमावाहयामि स्थापयामि।

शनि- पीठ के आठवे खाने तथा पश्चिमी कोष्ठक में काले रंग के चावल से शनिका आवाहन करना चाहिए

मंत्र-

शनिम्-- पश्चिम में - ॐ शं नो देवीरभिष्टय ऽआपो भवन्तु पीतये। शय्योरभिस्रवन्तु नः।।

नीलाम्बुजसमाभासं रविपुत्रं यमाग्रजम्।

छायामार्तण्ड सम्भूतं शनिंमावाहयाम्हम्।।

ॐ मूर्भुवः स्वः सौराष्ट्र देशोद्भव काश्यप गोत्र कृष्णवर्ण भो शनैश्चर इहागच्छ इहतिष्ठ शनैश्चराय नमः शनैश्वर मावाहयामि स्थापयामि।।

राहू- नवग्रह वेदी के सातवें खाने तथा नैरित कोण में काले रंग के चावल से राहू का आवाहन करना चाहिए

मंत्र-

राहूम्-- नैर्ऋत्य कोण में ॐ कया नश्चित्र ऽआभुधदूतीसदावृधः सखा। कया शचिष्ठया व्वृता।।

अर्द्धकार्यमहावीर्य चन्द्रादित्यविमर्दनम्।

सिंहिकागर्भ सम्भूतं राहुं आवाहयाम्यहम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः राठिनापुरोद्भव पैठिनसगोत्र कृष्णवर्ण भो राहो इहागच्छ इहतिष्ठ राहवे नमः, राहु आवाहयामि स्थापयामि।

केतु-नवग्रह पीठ के नौवे खाने में तथा वायव्य कोण के कोष्ठक में काले रंग के चावल से केतु की स्थापना करनी चाहिए

मंत्र-

केतुम्- वायव्य कोण में - ॐ केतुं कृण्ण्वन्नकेतवे पेशो मर्य्या - ऽअपेशसे। समुषद्भिरजायथाः।।

पलाशधूम्र सङ्काशं तारकाग्रह मस्तकम्।

रौद्रं रौद्रात्मकं घोरं केतुं मावाहयाम्यहम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः अन्तर्वेदिसमुद्भव जैमिनिस गोत्र कृष्णवर्ण भो केतो. इहागच्छ इह तिष्ठ केतवे नमः केतुम् आवाहयामि स्थापयामि।।

प्राण-प्रतिष्ठा-

ॐ मनो जूतिर्ज्जुषतामाज्यस्य बृहस्पतिर्यज्ञमिमं तनोत्वरिष्टं यज्ञ विश्वे देवा सऽइह मादयन्तामों ३ प्रतिष्ठ।

बोध प्रश्न

1. नवग्रह निर्माण में आवश्यकता होती है।

    1. चार कोष्टक की   2. दस कोष्टक की

    3. पांच कोष्टक की   4. नौ कोष्टक की

2. नवग्रह निर्माण में सूर्य होता है।

    1. पीत वरण का   2. श्वेत वरण का

    3. कृष्ण वरण का   4. रक्त वरण क

3 नवग्रह निर्माण में बृहस्पति का स्थान होता है।

    1. मध्य में2. ऊपर

3. नीचे   4. बगल में

अभ्यास प्रश्न

प्रश्न - 1   नवग्रह पीठ के निर्माण पर प्रकाश डालें।

प्रश्न - 2   नवग्रह पीठ में नवग्रह का स्थान वर्ण सहित बतायें।

प्रश्न - 3   नवग्रह पीठ में राहु केतु और शनि के स्थान पर प्रकाश डालें।

प्रतिष्ठा मंत्रम्
इकाई- 7
नवग्रहशान्ति

प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई में सूर्य ग्रहशांति, चन्द्र ग्रह शांति एवं भौमग्रह शांति पर प्रकाश डाला गया है।

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन से सूर्य ग्रह शांति, चन्द्र ग्रह शांति एवं भौम ग्रह शांति का ज्ञान प्राप्त होगा।

सूर्यग्रहशांति

नवग्रह शांति विधा में किसी भी ग्रह के पूजन तथा शांति के पूर्व पूजन प्रक्रिया में गौरी गणेश का पूजन कलश का पूजन षोडशमात्रिका तथा तत्पश्चात् सम्बन्धित ग्रह के पूजन का विधान है। यहां पर उदाहरण के लिए सूर्य की शांति के निमित्त समस्त पूजन विधान दर्शाया जा रहा है। इसी प्रकार नवों ग्रह की शांति में पूजन व्यवस्था करनी चाहिए।

भद्रसूक्तवाचनः-

नवग्रह शांति पूजन के प्रारम्भ में सबसे पहले भद्रसूक्त वाचन या स्वस्ति वाचन करना चाहिए, यजमान के हाथ में पुष्प, चावल, रोली इत्यादि देकर सूक्त का पाठ करना चाहिए-

ॐ आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतोऽदब्धासो अपरीतास उदः।

देवा नो यथा सदमिद् वृधे असन्नप्रायुवो रक्षितारो दिवे दिवे।। देवाना भद्रा सुमतिॠजूयतां देवानां रातिरभि नो निवर्तताम्। देवाना सख्यमुपसेदिमा वयं देवा न आयुः प्रतिरन्तु जीवसे।। तन्पूर्वया निविदा हूमहे वयं भगं मित्रमदितिं दक्षमस्त्रिधम्। अर्यमणं वरुण सोममश्विना सरस्वती नः सुभगा मयस्करत्।। तन्नो वातो मयोभुवातु भेषजं तन्माता पृथिवी तत्पिता द्यौः। तद्ग्रावाणः सोमसुतो मयोभुवस्तदश्विना श्रृणुतं धिष्ण्या युवम्।। तमीशानं जगतस्तस्थुषस्पतिं धियन्जिन्ववसे हूमहे वयम्। पूषा नो यथा वेदसामसद् वृधे रक्षिता पायुरदब्धः स्वस्तये।। स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः। स्वस्ति नस्ताक्ष्र्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु।। पृषदश्वा मरुतः पृश्निमातरः शुभं यावानो विदथेषु जग्मयः। अग्निजिह्वा मनवः सूरचक्षसो विश्वे नो देवा अवसागमन्निह।। भद्रं कर्णेभिः श्रृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः। स्थिरैरगडै.स्तुष्टुवां सस्तनूभिर्व्यशेमहि देवहितं यदायुः।। शतमिन्नु शरदो अन्ति देवा यत्रा नश्चक्रा जरसं तनूनाम्।

पुत्रासो यत्र पितरो भवन्ति मा नो मध्या रीरिषतायुर्गन्तोः।। अदितिर्द्यौ- रदितिरन्तरिक्षमदितिर्माता स पिता स पुत्रः। विश्वे देवा अदितिः पंच जना अदितिर्जातमदितिर्जनित्वम्।। (शु० य० 25। 14-23) द्यौः शान्तिरन्तरिक्ष शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः। वनस्पतयः शान्तिर्विश्वे देवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः सर्व शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सा मा शान्तिरेधि।। (शु० य० 26। 17) यतो यतः समीहसे ततो नो अभयं कुरु। शं नः कुरु प्रजाभ्योऽभयं नः पशुभ्यः।। सुशान्तिर्भवतु।। (शु० य० 36। 22)

सूक्त के पाठ के उपरान्त हाथ में लिए हुए पुष्प इत्यादि को पूरी श्रद्धा के साथ भूमि पर छोड़ते हुए प्रणाम करना चाहिए और

फिर पुनः बायें हाथ में चावल लेकर दो-दो दाना भूमि पर डालते हुए गणेश, ग्राम तथा कुल देवता को प्रणाम करना चाहिए।

श्री गणेश आदि कुल-देवता-स्मरण

श्रीमन्महागणाधिपतये नमः। लक्ष्मीनारायणाभ्यां नमः। उमामहेश्वराभ्यां नमः। वाणीहिरण्यगर्भाभ्यां नमः। शचीपुरन्दराभ्यां नमः। मातृपितृचरणकमलेभ्यो नमः। इष्टदेवताभ्यो नमः। कुलदेवताभ्यो नमः। ग्रामदेवताभ्यो नमः। वास्तुदेवताभ्यो नमः। स्थानदेवताभ्यो नमः। सर्वेभ्यो देवेभ्यो नमः। सर्वेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो नमः। ॐ सिद्धि बुद्धिसहिताय श्रीमन्महागणांधिपतये नमः।

तत् पश्चात् पुनः पूरी श्रद्धाभाव से गणेश कुलाधिदेवताओं का स्मरण करना चाहिए।

द्वादश गणपति पूजन

नवग्रह शांति में भद्रसूक्त तथा कुलाधि देवता स्मरण के पश्चात् पुनः हाथ में पुष्प लेकर के द्वादश गणपति तथा मंगल श्लोकों के द्वारा गणेश तथा अन्य देवताओं का ध्यान रखना चाहिए।

सुमुखश्चैकदन्तश्च कपिलो गजकर्णकः।

लम्बोदरश्च विकटो विघ्ननाशो विनायकः।।

धूम्रकेतुर्गणाध्यक्षो भालचन्द्रो गजाननः।

द्वादशैतानि नामानि यः पठेच्छृणुयादपि।।

विद्यारम्भे विवाहे च प्रवेशे निर्गमें तथा।

सड.ग्रामे संकटे चैव विघ्नस्तस्य न जायते।।

शुक्लाम्बरधरं देवं शशिवर्णं चतुर्भुजम्।

प्रसन्नवदनं ध्यायेत् सर्वविघ्नोपशान्तये।।

अभीप्सितार्थसिद्धयर्थ पूजितो यः सुरासुरैः।

सर्वविघ्नहरस्तस्मै गणाधिपतये नमः।।

सर्वमंगलमांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।

शरन्ये त्रयम्बिके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।

मंगल-श्लोक

सर्वदा सर्वकार्येषु नास्ति तेषाममंगलम्।

येषां हदिस्थो भगवान् मंगलायतनं हरिः।।

तदेव लग्नं सुदिनं तदेव ताराबलं चन्द्रबलं तदेव।

विद्याबलं देवबलं तदेव लक्ष्मीपते तेऽड.घ्रियुगं स्मरामि।।

लाभस्तेषां जयस्तेषां कुतस्तेषां पराजयः।

येषामिन्दीवरश्यामो हृदयस्थो जनार्दनः।।

यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः।

तत्र श्रीर्विजयो भूति:ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम।।

अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते।

तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्।।

स्मृतेः सकलकल्याणं भाजनं यत्र जायते।

पुरुषं तमजं नित्यं व्रजामि शरणं हरिम्।।

सर्वेष्वारम्भकार्येषु त्रयस्त्रिभुवनेश्वराः।

देवा दिशन्तु नः सिद्धिं ब्रह्मेशानजनार्दनाः।।

विश्वेशं माधवं ढुण्ढिं दण्डपाणिं च भैरवम्।

वन्दे काशीं गुहां गंगां भवानीं मणिकर्णिकाम्।।

वक्रतुण्ड महाकाय कोटिसूर्यसमप्रभ।

निर्विघ्नं कुरु में देव सर्वकार्येषु सर्वदा।।

गणेशाम्बिकाभ्यां नमः।।

गणपति के ध्यानोपरान्त हाथ में लिया हुआ पुष्प गणेश जी के सम्मुख छोड़ देना चाहिए।

पृथ्वीपूजनः-

पुनः हाथ में पुष्प लेकर पृथ्वी का ध्यान करें निम्न मन्त्र द्वारा पृथ्वी का ध्यान करें-

ॐ स्योना पृथिवीनो भवानृक्षरा निवेशिनी।

यच्छानः शर्म्म सप्रथाः।।

ॐ भूभुर्वः स्वः आधार शक्त्यै पृथिव्यै नमः।

सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षत-पुष्पाणि समर्पयामि।।

स्नान- चार बार पृथ्वी पर जल डालें फिर जल के उपरान्त हल्दी, रोली सिन्दूर तथा चावल चढ़ाए और दूध द्वीप नैवेद्य से पूजन करें तथा पूजन का सम्पूर्ण फल प्राप्त करने के लिए दक्षिणा चढ़ाए तथा पुनः पृथ्वी को प्रणाम करें और हाथों द्वारा हाथ को पृथ्वी की तरफ सीधा करके हाथों से परिक्रमा करें।

ॐ भूरसि भूमिरस्यदितिरसि विश्वधाया विश्वस्य

भुवनस्य धर्त्री। पृथिवीं यच्छ पृथिवीं दृंह पृथिवीं मा हिंसीः।।

संकल्पः-

अब पूजा कर्म में आगे बढ़ने के पूर्व जिस कार्य की सिद्धि के लिए पूजा करने चल रहे हैं। उस कार्य के निमित्त संकल्प लेना चाहिए। संकल्प दो प्रकार के होते हैं सकाम एवं निष्काम।

दाहिने हाथ में पुष्प, फल, चावल, सुपारी और कुश रखकर संकल्प किया जाये। कुशा की जड बीचो बीच हथेली या गदोरी में रखनी चाहिए। वाकदत्तम्, मनोदत्तम् दत्तम पाणि कुशोदकम् कुशा की जड़ जल में डूबी रहनी चाहिए। कुशा का अग्रभाग देव तीर्थ से सामने की ओर रखना चाहिए सब पदार्थों के उपरान्त दक्षिणा लेकर संकल्प वाचन निम्न विधा द्वारा करना चाहिए-

ॐ विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्तमानस्य अद्य श्री ब्रह्मणोऽह्नि द्वितीये परार्द्धे श्रीश्वेत-वाराहकल्पे वैवश्वत-मन्वन्तरे अष्टाविंशति-तमें युगे कलियुगे कलि-प्रथमचरणे भूर्लोके जम्बूद्वीपे भरतखण्डे भारतवर्षे आर्यावर्तैकदेशे पुण्यक्षेत्रे (प्रयाग/काशी/क्षेत्रे) विक्रमशके बौद्धावतारे अमुकनाम-संवत्सरे अमुक अयने श्री सूर्ये अमुक-ऋतौ महामांगल्यप्रद-मासोत्तमें अमुक-मासे अमुक-पक्षे अमुक-राशिस्थिते श्रीसूर्ये अमुकराशिस्थिते श्रीदेवगुरौ शेषेषु ग्रहेषु यथा-यथा राशिस्थान-स्थितेषु सत्सु एवं ग्रह-गुणगण-विशेषण-विशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्रः अमुकशर्मा (वर्मा/गुप्तः) ऽहं श्रुति स्मृति-पुराणोक्त फल प्राप्त्यर्थ दैहिक-दैविक-भौतिक-तापत्रय विनाशाय धर्मार्थ-काम-मोक्ष पुरुषार्थ-चतुष्टय-सिद्धयर्थम्, मम जन्म राशि-वर्ष-गोचर दशा-अन्तर्दशा प्रत्यन्तरदशा-सूक्ष्मदशा योगिन्यादिदशामध्ये च ये केचन सूर्यादि अरिष्टप्रदाः ग्रहाः तेषां सकलारिष्टवारणपूर्वकं शुभता-

संसिद्ध्यर्थ, ग्रहकृता-राजकृता-शत्रुकृता च पीडा नाशार्थं सर्वेविध-भयापमृत्युरोगादि-दूरीकरणाय सर्वत्र सुखशान्ति प्राप्तये च, मम समस्त-पापक्षयपूर्वकं दीर्घायुर्विपुल-धन-धन्य-पुत्र-पौत्राद्यनवच्छिन्नसन्ततिवृद्धि-स्थिरलक्ष्मी-बहूकीर्तिलाभ-शत्रु-पराजय-सदभीष्ट-सिद्धयर्थं मनोभिलषितं समस्त-कामना-सिद्धयर्थंच सपरिवारस्य सर्वविध-कल्याणार्थं सूर्यदेवता कृपाप्रसाद-सिद्ध्यर्थं प्रसन्नार्थंच ब्राह्मण द्वारा सूर्यग्रहशांति कर्म अहम् करिष्ये वास्तुयोगिनी-क्षेत्रपाल-नवग्रह-सर्वतोभद्र/लिंगतोभद्रमण्डलदेवानां में आवाहनं स्थापनं, पूजनंपूर्वकं प्रधान-वेद्यामुपुरि सुवर्ण-रजत-ताम्रमयीं वा अमुक देवस्य प्रतिमां अग्न्युत्तारणप्रतिष्ठा-पूर्वकं यथोपचार-पूजनं तत्रादौ च निर्विघ्नतायै गणपत्यादि-पंचांग-देवानां आवहनं स्थापनं पूजनं पुण्याह-वाचनं दिग्रक्षणं साचार्यस्य ब्राह्मणानां वरणांम् करिष्ये।

(संकल्प द्रव्यादि गणेश जी के सामने रख देवें।)

पृथ्वी स्पर्शः-

सबसे पहले दोनों हाथों से प्रणाम की मुद्रा में पृथ्वी का स्पर्श निम्न मंत्रों से करना चाहिए-

ॐ मही द्योः पृथिवी च न ऽइमं य्यज्ञं मिमिक्षताम्।

पितृतान्नों भरीमभि।।

इस मन्त्रों को पढ़ता हूआ पृथ्वी का स्पर्श करें, पृथ्वी के स्पर्श के उपरान्त कलश स्थापन की प्रक्रिया प्रारम्भ करनी चाहिए।

कलश-स्थापन

कलश में रोली से स्वास्तिक का चिन्ह बनाकर गले में तीन

धागों वाला मौली लपेट लें, तथा जिस जगह कलश स्थापित करना हो, उस भूमि अथवा पाँटे पर कुमकुम या रोली से स्पष्ट जलकमल बनाएं, तथा उसके ऊपर कलश स्थापित करके निम्न मन्त्र को पढ़ता हुआ पृथ्वी स्पर्श

ॐ भूरसि भूमिरस्यदितिरसि विश्वधाया विश्वस्य भुवनस्य धर्त्री।

पृथिवीं यच्छ पृथिवीं दृंह पृथिवीं मा हिसीः।।

भूमि स्पर्श के पश्चात् उसी अष्टदल या कलश के नीचे भूमि पर सप्त धान्य डालें।

सप्त धान्यः-

जौ, धान, तिल, कंगनी, मूँग, चना, साँवा यह सप्त धान्य कहलाता है। इसके अभाव में गेहूं तथा चावल और जौ डालने का भी विधान है, निम्न मन्त्र द्वारा सप्त धान्य कलश के नीचे डालें।

ॐ आ जिघ्र कलशं मह्या त्वां विशन्त्विन्दवः।

पुनरूर्जा नि वर्तस्व सा नः सहस्त्रं धुक्ष्वोरुधारा पयस्वती पुनर्मा विशताद्रयिः।।

कलश रखने के पश्चात् कलश में निम्न मंत्र पढ़ते हुए तीर्थ अथवा कूप जल निम्न मंत्र को पढ़ता हुआ डालें।

ॐ वरुणास्योत्तम्भनमसि वरुणस्य स्कम्भसर्जनी स्थो।

वरुणस्य ऋतसदनमसि वरुणस्य ऋतसदनमा सीद।।

जल डालते समय ध्यान दें आवश्यकता से अधिक जल कलश में न रहे तथा जल के उपरान्त कलश में चन्दन निम्न मन्त्र पढ़ते

हुए चन्दन डालें।

ॐ त्वां गन्धर्वा अखनँस्त्वामिन्द्रस्त्वां बृहस्पतिः

त्वामोषधे सोमो राजा विद्वान् यक्ष्मादमुच्यत

फिर चन्दन के बाद कलश के अन्दर सर्वोषधि निम्न मंत्र के द्वारा डाली जानी चाहिए-

ॐ या ओषधीः पूर्वाजाता देवेभ्यस्त्रियुगं पुरा।

मनै नु बभ्रूणामह शतं धामानि सप्त च।।

सर्वौषधि-

मुरा, जटा, माषी, वच, कुष्ट, शिलाजीत, हल्दी, दारु, हल्दी, सठी, चम्पक, मुस्ता यह सर्वोषधि कहलाती है, इनके अभाव में सतावर डालने से सर्वोषधि मानी जाती है, सर्वोषधि के उपरान्त कलश में दुर्वा डाली जाए।

काण्डात् ॐ काण्डात्काणत्प्ररोहन्ती परुषः परुषस्परि।

एवा नो दूर्वे तनु सहस्रेण शतेन च।।

इस मन्त्र द्वारा कलश के अन्दर दूर्वा डालें दूर्वा का ऊपर का भाग कोमल का भाग डालना चाहिए तथा इसके उपरान्त कलश में पंच पल्लव डालना चाहिए।

ॐ अश्वत्थे वो निषदनं पर्णे वो वसतिष्कृता।

गोभाज इत्किलासथ यत्सनवथ पूरुषम्।।

बरगद, गूलर, पीपल, आम, पाकड़ यह पंच पल्लव कहलाते हैं, इसके उपरान्त कलश में निम्न मन्त्र द्वारा कुशा स्थापित करें, कुशा उत्तर की दिशा की तरफ लगाए।

ॐ पवित्रे स्थो वैष्णव्यौ सवितुर्वः प्रसव उत्पुनाम्यच्छिद्रेण

पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः। तस्य ते पवित्रपते पवित्रपूतस्य यत्कामः पुनस्तच्छकेयम्।।

कुशा डालने के पश्चात् कलश में सप्तमृत्तिका डालने का विधान है, निम्न मन्त्रों द्वारा कलश में डालें।

ॐ स्योना पृथिवी नो भवानृक्षरा निवेशनी।

यच्छा नः शर्म सप्रथाः। (सप्तमृत्तिका छोड़ें।)

सप्तमृत्तिका साथ स्थानों की मिट्टी को कहते हैं, घोड़साल, हाथीसाल, बॉबी नदियों की मिट्टी, तालाब तथा राजदरबार और गोसाला इन स्थानों की मिट्टी को सप्तमृत्तिका की संज्ञा की गयी है, अगर इनका अभाव हो तो संगम की मिट्टी डालें। मिट्टी डालने के उपरान्त कलश में सुपारी निम्न मन्त्र को पढ़ते हुए डालें-

ॐ याः फलिनीर्या अफला अपुष्पा याश्च पुष्पिणीः।

बृहस्पतिप्रसूतास्ता नो मुंचन्त्वंहसः।। (सुपारी छोड़ें।)

सुपारी डालने के पश्चात् कलश में पंचरत्न निम्नलिखित मंत्रों को पढ़कर डालना चाहिए-

ॐ परि वाजपतिः कविरग्निर्हव्यान्यक्रमीत्।

दधद्रत्नानि दाशुषे। (पंचरत्न छोड़ें।)

पंचरत्न सोना, हीरा, मोती, पदमराग, नीलम यह पंचरत्न माने जाते हैं इनके अभाव में सोना, चाँदी, ताँबा, पीतल, मोती भी पंचरत्न माना जाता है।

पंचरत्न डालने के पश्चात् कलश में निम्न मन्त्र पढ़ते हुए द्रव्य डालना चाहिए-

ॐ हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।

स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम्।। (द्रव्य छोड़े।)

द्रव्य डालने के उपरान्त कलश का वस्त्र से अलंकृत करना चाहिए वस्त्र लपेटने का मन्त्र इस प्रकार है।

ॐ सुजातो ज्योतिषा सह शर्म वरूथमाऽसदत्स्वः।

वासो अग्ने विश्वरूप सं व्ययस्व विभावसो।

वस्त्र के उपरान्त कलश के ऊपर पूर्ण पात्र स्थापित करना चाहिए मन्त्र-

ॐ पूर्णा दर्वि परा पत सुपूर्णा पुनरा पत।

वस्नेव विक्रीणावहा इषमूर्ज शतक्रतो।।

पूर्ण पात्र के बाद कलश के ऊपर नारियल या फल निम्न मन्त्र को पढ़ता हुआ स्थापित करना चाहिए-

ॐ याः फलिनीर्या अफला अपुष्पा याश्च पुष्पिणीः

बृहस्पतिप्रसूतास्ता नो मुंचन्त्वंहसः

अब कलश में देवी देवताओं आवादन करने के लिए हाथ में अक्षत लेकर निम्नलिखित मन्त्रों द्वारा वरुण का आवाहन करना चाहिए-

कलशमें वरुणा ध्यान और आवहन-

ॐ तत्त्वा यामि ब्रह्मणा वन्दमानस्तदा शास्ते यजमानो

हविर्भिः।

अहेडमानो वरुणेह बोध्युरुश स मा न आयुः प्र मोषीः।।

अस्मिन् कलशे वरुणं सांग सपरिवारं सायुधं सशक्तिकमावाहयामि।

मन्त्र बोलने के पश्चात अक्षत पुष्प कलश में छोड़ दें, तथा पुनः हाथ में अक्षत पुष्प लेकर चारों वेद एवं अन्य देवी देवताओं का आवाहन करना चाहिए।

कलशस्य मुखे विष्णुः कण्ठे रुद्रः समाश्रितः।

मूले त्वस्य स्थितो ब्रहमा मध्ये मातृगणाः स्मृताः।।

कुक्षौ तु सागराः सर्वे सप्तद्वीपा वसुन्धरा।

ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेदः सामवेदो हयथर्वणः।।

अंगैश्च सहिताः सर्वे कलशं तु समाश्रितः।

अत्र गायत्री सावित्री शान्तिः पुष्टिकरी तथा।

आयान्तु देवपूजार्थं दुरितक्षयकारकाः।

गंगे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।।

नर्मदे सिन्धुकावेरि जलेऽस्मिन् संनिधिं कुरु।

सर्वे समुद्राः सरितस्तीर्थानि जलदा नदाः।।

आयान्तु मम शान्त्यर्थं दुरितक्षयकारकाः।

इस तरह जलाधिपति वरुण देव तथा वेदों तीर्थों, नदियों, सागरों तथा देवताओं के आवाहन के पश्चात हाथ में अक्षत पुष्प लेकर वेद मन्त्र द्वारा प्रतिष्ठा करनी चाहिए।

ॐ मनो जूतिर्जुषतामाज्यस्य बृहस्पतिर्यज्ञमिमं तनोत्वरिष्टं यज्ञं समिमं दधातु। विश्वे देवास इह मादयन्तामों ॐ प्रतिष्ठा।।

कलशे वरुणाद्यावाहितदेवताः सुप्रतिष्ठिता वरदा भवन्तु।

ॐ वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः

यह कर अक्षत पुष्प कलश के पास छोड़ दें।

गौरी-गणपति-आवाहन एवं पूजन

सर्वप्रथम गौर गोबर के गौरी तथा सुपारी या नारियल से गणेश बना लें, सम्मुख रख लें, गौरी तथा गणेश के रखने के पश्चात हाथ में अक्षत पुष्प लेकर निम्न मन्त्र को पढ़ता हुआ आवाहन करें।

आवाहन मन्त्रः-

गणेश-आवाहनम्

(हाथ में अक्षत पुष्प लेकर गणेश गौरी का आवाहन करें)

ॐ गणानात्वा गणपति ꣸ हवामहे प्प्रियाणान्त्वा प्प्रियपति गुं निधीनान्त्वा निधिपति ꣸ हवामहे व्वसो मम। आहमजानि गर्ब्भधमात्वमजासि गर्ब्भधम्।।

हे हेरम्ब त्वमेंह्योहि ह्याम्बिकात्र्यम्बकात्मज!।

सिद्धि-बुद्धिपते त्र्यक्ष लक्ष-लाभपितुः पितः।।1।।

नागास्यं नागहारं त्वां गणराजं चतुर्भुजम्।

भूषितं स्वायुधैर्दिव्यैः पाशांगकुश-परश्वधैः।।2।।

आवाहयामि पूजार्थं रक्षार्थं च मम क्रतोः।

इहाऽऽगत्य गृहाण त्वं पूजां यागं च रक्ष में।।3।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणपतये नमः, गणपतिमावाहयामि स्थापयामि।

गौरी-आवाहनम्ः-

ॐ अम्बे अम्बिकेऽम्बालिके न मा नयति कश्चन्।

ससस्त्यश्वकः सुभद्द्रिकांकाम्पील-वासिनीम्।।

हेमाद्रितनयां देवीं वरदां शंकरप्रियाम्।

लम्बोदरस्य जननीं गौरीमावाहयामि स्थापयामि।

(गौरी-गणेश को स्पर्श करके अक्षत छोड़ते हुए प्रतिष्ठा करें)

हाथ के अक्षत गणेश जी पर चढ़ा कर पुनः अक्षत लेकर वेद मन्त्र द्वारा प्रतिष्ठा करें।

ॐ मनो जूतिर्ज्जुषतामाज्ज्यस्य बृहस्प्पतिर्य्यज्ञमिमं

तनोत्वरिष्टं य्यज्ञं ७ समिमं दधातु।

विश्श्वेदेवास इहमादयन्तामों ॐ प्रतिष्टठ।।

अस्यै प्राणाः प्रतिष्ठन्तु अस्यै प्राणाः क्षरन्तु च।

अस्यै देवत्वमर्चायै मामहेति च कश्चन।।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाऽम्बिके सुप्रतिष्ठिते वरदे भवेताम्।

अक्षत गणेश की ऊपर डाल दें, जल से पाद्य अर्ध आचमी तीन बार जल चढ़ाएं तथा एक आचमी जल पुनः निम्न मन्त्र पढ़ते हुए छोड़ें-

ॐ तस्म्माद्यज्ञात्सर्व्वहुतः सम्भृतं पृषदाज्ज्यम्।

पशूँस्ताँश्चक्के वायव्व्या नारण्या ग्राम्म्याश्च्च ये।।

मन्दाकिन्यास्तु यद्वारि सर्वपापहरं शुभम्।

तदिदं कल्पितं देव! स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, स्नानं समर्पयामि।

पंचामृत स्नानम्ः- (पंचामृत से स्नान करावें)

ॐ पंच नद्यः सरस्वतीमपि यन्ति सस्रोतसः।

सरस्वती तु पंचधा सो देशेऽभवत्सरित्।।

पंचामृतं मयाऽऽनीतं पयो दधि घृतं मधु।

शर्करा च समायुक्तं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, पंचामृत स्नानं समर्पयामि।

पंचामृत स्नान के उपरान्त गंधोदक स्नान जल में हल्दी तथा कपूर इत्यादि डालकर गंधोदक बना लें, निम्नलिखित पढ़ते हुए गंधोदक से गौरी गणेश को स्नान करवाएं-

गंधोदक स्नान-

मलया चलसम्भूत चन्दनेन विमिश्रितम्

इदं गन्द्योदकं स्नानं कुंकुमाक्तं गृह्यताम्।।

इस स्नान के उपरान्त पुन्: भगवान् को शुद्ध जल से स्नान करवाएं।

शुद्धादक स्नानम् - (शुद्ध जल से स्नान करावे)

शुद्धवालः सर्व्व शुद्धवालो मणिवालस्त ऽआश्विनाः

श्येतः श्येताक्षो ऽरुणस्ते रुद्द्राय पशुपते कर्ण्णा यामा

अवलिप्प्ता रौद्द्रा नभोरूपाः पार्ज्जन्या।।

गंगे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।

नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधि कुरु।।

स्नान के उपरान्त एक आचमनी जल उपर्युक्त मन्त्र को कहते हूए चढ़ाएं तथा भगवान् को वस्त्र निवेदित करें, अगर वस्त्र न हो तो मौली अथवा रूई निम्न मन्त्र पढ़ते हुए

वस्त्रम् - (वस्त्र या रक्षासूत्र चढ़ावें)

ॐ युवा सुवासाः परिवीत आगात्स ऽउश्रेयान्भवति जायमानः।

तं धीरासः कवय ऽउन्नयन्ति स्वाध्यो मनसा देवयन्तः।।

शीत-वातोष्ण-संत्राणं लज्जाया रक्षणं परम्।

देहालंकरणं वस्त्रमतः शान्तिं प्रयच्छ में।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, वस्त्रं समर्पयामि। वस्त्रान्ते द्विराचमनं समर्पयामि।

वस्त्र के उपरान्त आचमन के लिए जल छोड़ें वस्त्र के उपरान्त भगवान् को उपवस्त्र प्रदान करें।

उपवस्त्रम् - (उपवस्त्र या रक्षासूत्र चढ़ावे)

ॐ सुजातो ज्योतिषा सह शर्म वरूथमासदत्स्वः।

वासो अग्गने व्विश्वरूप ꣳ संव्ययस्व विभावसो।।

श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, उपवस्त्रं समर्पयामि।

इसके उपरान्त आचमन के लिए पुनः एक आचमनी जल लेकर निम्न

वाक्य बोलते हुए भगवान् को समर्पित करें-

उपवस्त्रान्ते द्विराचनं समर्पयामि,

उपवस्त्र के बार दो आचमनी जल गिरा दें। आचमन के पश्चात् यज्ञोपवीत निम्न मन्त्र बोलते हुए चढ़ाएं-

यज्ञोपवीतम् - (गणेश जी को जनेऊ चढ़ावे)

ॐ यज्ञो देवानां प्रत्येति सुम्नमादित्यासो भवता मृडयन्तः।

आ वोऽर्वाची सुमतिर्वबृत्याद ꣳ होश्चिद्या वरिवोवित्तरा सदादित्यीयस्त्वा।।

नवभिस्तन्तुभिर्युक्तं त्रिगुणं देवतामयम्।

उपवीतं मया दत्तं गृहाण परमेश्वर।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणपतये नमः, यज्ञोपवीतं समर्पयामि।।

यज्ञोपवीतान्ते द्विराचमनं समर्पयामि।

जनेऊ के बाद भी दो आचमानी जल गिरावें।

यज्ञोपवीत चढ़ाने के उपरान्त एक आचमनी जल पुनः यह वाक्य कहते हुए चढ़ा दें,

श्रीखण्डं चन्दनं दिव्यं गन्धाढ्यं सुमनोहरम्।

विलेपनं सुरश्रेष्ठ चन्दनं प्रतिगृह्यताम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, गन्धं समर्पयामि।

चन्दनः- भगवान् को चन्दन लगाएं।

चन्दनम् - (चंदन या रोली (कुंकुम चढ़ावें)

ॐ त्वां गन्धर्व्वा ऽअखनँस्त्वामिन्द्रस्त्वां बृहस्प्पतिः।

त्वामोषधे सोमो राजा विद्वानयक्ष्मादमुच्च्यत।।

चन्दन के उपरान्त अक्षत निम्न मन्त्र को पढ़ता हुआ चढ़ाएं-

अक्षताः - (धुले हुए, चंदन, कुंकुम युक्त अक्षत चढ़ावें)

ॐ अक्षन्नमीमदन्त ह्यव प्प्रिया ऽअधूषत।

अस्तोषत स्वभानवो विप्राः नविष्ठया मती योजन्विन्द्र ते हरी।।

अक्षताश्च सुरश्रेष्ठाः कुङ्कुमाक्ताः सुशोभिताः।

मया निवेदिता भक्त्या गृहाण परमेंश्वर!।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, अक्षतान् समर्पयामि।

अक्षत के उपरान्त पुष्प माला भगवान् को अर्पित करें मन्त्र-

पुष्पाणि (माला) - (सुगन्धित फूल तथा माला चढ़ावें)

ॐ ओषधीः प्रतिमोध्वं पुष्पतीः प्रसूवरीः।

अश्चा ऽइव सजित्वरीर्व्वीरुधः पारयिष्ण्णवः।।

माल्यादीनि सुगन्धीनि मालत्यादीनि वै प्रभो।

मयाऽऽहृतानि पुष्पाणि पूजार्थं प्रतिगृह्यताम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः पुष्पाणि पुष्पमाला च समर्पयामि।

माला के उपरान्त गणेश जी पर तथा कलश पर दूर्वा चढ़ाएं मन्त्र-

दूर्वा- (गणेश जी को कोमल दूर्वा के इक्कीस अंकुर चढ़ावे। गौरी जी को दूर्वा न चढ़ावें)

ॐ काण्डात् काण्डात् प्ररोहन्ती परुषः परुषस्परि।

एवा नो दूर्व्वे प्रतनु सहस्रेण शतेन च।।

दूर्वाड.कुरान् सुहरितान्-अमृतान् मंगलप्रदान्।

आनीतांस्तव पूजार्थं गृहाण गणनायक ।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणपतये नमः, दुर्वांकुरान् समर्पयाणि।

सिन्दूरम् - (गणेश गौरी को पीला सिन्दूर चढ़ावे।)

दूर्वा गणेश जी को ही चढ़ती है, देवी जी पर दूर्वा न चढ़ाएं। दूर्वा चढ़ाने के उपरान्त सिन्दूर चढ़ाएं मन्त्र-

ॐ सिन्धोरिव प्राद्ध्वने शूघनासो वातप्रमियः पतयंत्रि यह्ना% ।

घृतस्य धारा अरुषो न वाजी काष्ठा भिन्दन्नूर्मिभिः ।।

सिन्दूर शोभनं रक्तं सौभाग्यं सुखवर्धनम्।

शुभदं कामर्द चैव सिन्दूरं प्रतिगृह्यताम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः सिन्दूरं समर्पयामि।

सिन्दूर के पश्चात् अबीर, गुलाल भगवान् पर चढ़ाएं!

मन्त्र- अबीरादि परिमलद्रव्यम् - (अबीर, गुलालादि द्रव्य चढ़ावें)

ॐ अहिरिव भोगैः पर्य्येति बाहु ज्याया हेतिं परिबाधमानः।

हस्तग्घ्नो व्विश्श्वा व्ययुनानि व्विद्वान्न्पुमान् पुमा ৩ सं परिपातु व्विश्वतः।।

नाना-परिमलैर्द्रर्निर्मितं चूर्णमुत्तमम्।

अबीरनामकं चूर्णं गन्धं चारु प्रगृह्यताम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, नानापरिमलद्रव्याणि समर्पयामि।

सुगन्धित द्रव्य अबीर गुलाल के पश्चात सुगंधित द्रव्य इत्र भगवान् को निम्न मन्त्रों द्वारा निवेदित करें-

सुगन्धितद्रव्यम् - (इत्रादि सुगन्ध चढ़ावे)

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।

उर्व्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीयमामृतात्।।

नानासुगन्ध-पुष्पेभ्यः साररूपं समाहृतम्।

सुगन्धितमिदं द्रव्यं गृहाण सुरसत्तम।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, सुगन्धितद्रव्याणि समर्पयामि।।

तथा सुगंधित द्रव्य के उपरान्त धूप दिखाएं मन्त्र-

धूपम् - (धूपबत्ती अथवा अगरबत्ती से धूप देवे)

ॐ धूरसि धूर्व्व धूर्व्वन्तं धूर्व्व तं योऽस्समान् धूर्व्वति तं धूर्व्व यं वयं धूर्व्वामः।

देवानामसि वह्नितम ꣹ सस्नितमं पप्रितमं जुष्टटतमं देवहूतमम्।।

वनस्पतिरसोद्भूतो गन्धाढ्यो गन्धमुत्तमः।

आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, धूपं आघ्रापयामि।

धूप दिखाने के पश्चात भगवान् को द्वीप दिखाएं-

दीपम् - (घी का दीपक दिखावे)

ॐ अग्निज्ज्योतिज्जर्योनिरग्निः स्वाहा सूर्योज्ज्योतिज्ज्योतिः सूर्य्यः स्वाहा।

अग्निर्व्वर्च्चो ज्ज्योतिर्व्वर्च्चः स्वाहा सूर्य्यो व्वर्च्चो ज्ज्योतिर्व्वर्च्चः स्वाहा।

ज्योतिः सूर्य्यो ज्ज्योतिः स्वाहा।।

साज्यं च वर्तिसंयुक्तं वाह्निना योजितं मया।

दीपं गृहाण देवेश त्रैलोक्यतिमिरापहम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, दीपं दर्शयामि। (हस्तप्रक्षालनम्)

द्वीप दिखाने के पश्चात् द्वीप के ऊपर जल घुमाकर कहकर हाथ धुल लें, तत पश्चात् नैवेद्य भगवान् को अर्पण करें, नैवेद्य लगाने के पश्चात् जल से मण्डल करते हुए निम्न मन्त्रों को बोलता हुआ ढक लें-

नैवेद्यम् - (अनेक प्रकार के मिष्ठान निवेदित करें)

ॐ नाभ्भ्या आसीदन्तरिक्ष ७ शीर्ष्णो द्यौः समवर्त्तत।

पद्भ्यां भूमिर्द्दिशः श्रोत्त्रात्तथा लोकाँऽअकल्प्पयन्।।

शर्करा-खण्ड-खाद्यानि दधि-क्षीर-घृतानि च।

आहारं भक्ष्यभोज्यं च नैवेद्यं प्रतिगृह्यताम्।।

ॐ प्राणाय स्वाहा। ॐ अपानाय स्वाहा। ॐ व्यानाय स्वाहा। ॐ उदानाय स्वाहा।

ॐ समानाय स्वाहा।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, नैवेद्यं निवेदयामि। आचमनीयं समर्पयामि

मध्ये पानीयम् उत्तरापोशनं समर्पयामि।

मन्त्र के पश्चात् चार बार आचमनी से जल गिरा दें तत पश्चात् ऋतु फल भगवान् को निवेदित करें, मन्त्र-

ॐ याः फलिनीर्य्या अफला अपुष्प्या याश्च पुष्पिणीः।

बृहस्पति प्रसूतास्ता नो मुंचन्त्वं ꣸ हसः।।

इदं फलं मया देव स्थापितं पुरतस्तव।

तेन में सफलावाप्तिर्भवेज्जन्मनि जन्मनि।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, ऋतुफलानि समर्पयामि।

फल के उपरान्त एक आचमनी जल तथा भगवान् पर चंदन दिड़के अगुलियों के माध्यम से करोधवर्तन मन्त्र-

करोद्वर्त्तनम् - (करोद्वर्त्तन के लिए चंदन छिड़कना चाहिए)

ॐ अ ꣸ शुना ते अ ꣸ शुः पृच्यतां परुषा परुः।

गङ्धस्ते सोममवतु मदाय रसो अच्युतः।।

चन्दनं मलयोद्भूतं कस्तूर्यादिसमन्वितम्।

करोद्वर्त्तनकं देव गृहाण परमेंश्वर!।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, चन्दनेन करोद्वर्तनं समर्पयामि।

ऋतुफलानि - (जिस ऋतु में जो फल उपलब्ध हों समर्पित करें)

इसके पश्चात् भगवान् को पान, सुपारी, लौंग, कपूर डालकर अर्पण करें मन्त्र-

ताम्बूलम् - (सुपाड़ी, लौंग, इलायची सहित पान चढ़ावें)

ॐ यत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत्।

वसन्तोऽयासीदाज्यं ग्रीष्मइध्मः शरद्धविः।।

पूगीफलं महद्दिव्यं नागवल्लीदलैर्युताम्।

एलादिचुर्णसंयुक्तं ताम्बूलं प्रतिगृह्यताम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, मुखवासार्थे पूगीफल-ताम्बूलं समर्पयामि।

ताम्बूल के पश्चात् भगवान् को दक्षिणा अर्पित करें।

दक्षिणा - (दक्षिणा में प्रचलित मुद्रा यथाशक्ति समर्पित करें)

ॐ हिरण्यगर्भः समवर्त्तताग्ग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।

स दाधार पृथिवीं द्यामुते मां कस्मै देवाय हविषा व्विधेम।।

हिरण्यगर्भ-गर्भस्थं हेमबीजं विभावसो।

अनन्त-पुण्यफलदमतः शान्तिं प्रयच्छ में।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, दक्षिणां समर्पयामि।

दक्षिणा के पश्चात् आरती निम्न मन्त्रों द्वारा की जाए-

चन्द्रमा मनसो जाताश्चक्षो सूर्यो अजायत।

श्रोत्राद्वापुश्च प्राणश्च मुखादग्निरजायत ।

आरती के पश्चात् जल घुमाकर गिरा दें, हाथ पुष्प लेकर पुष्पाँजलि करें मन्त्र-

पुष्पाँजलि -

ॐ यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्म्माणि प्रथमान्न्यासन्।

ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्व्वे साध्याः सन्ति देवाः।।

नाना सुगन्धिपुष्पाणि यथाकालोद्भवानि च।

पुष्पांजलिर्मया दत्त गृहाण परमेंश्वर ।।

प्रदक्षिणामन्त्रः-

प्रदक्षिणा - ("'एका चण्डयाः रवेः सप्त तिस्रो दद्याद् विनायके" - के अनुसार गणेश जी की तीन परिक्रमा की जाती है।

ॐ ये तीर्त्थानि प्प्रचरन्न्ति सृकाहस्ता निषिंगणः।

तेषा ꣸ सहस्र-योजनेऽव धन्न्वानि तन्नमसि।।

पदे पदे या परिपूजकेभ्यः सद्योऽश्वमेंधादि-फलं ददाति।

तां सर्वपापक्षय-हेतुभूतां प्रदक्षिणां ते परितः करोति।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, प्रदक्षिणां समर्पयामि।

प्रदक्षिणा के उपरान्त एक पात्र में चन्दन अक्षत जल फल फूल दूर्वा और दक्षिणा लेकर अर्धपात्र को हाथ में लेकर निम्नलिखित मन्त्र बोलते हुए, अपनी तरफ अर्ध डालें-

विशेषार्ध्यम् - (विशेषार्ध्य मात्र गणेश जी को देने की परम्परा प्रचलित है, जबकि गौरी जी को भी दिया जा सकता है। ताम्रपात्र में जल चंदन, गंध, अक्षत, पुष्प, फल, दूब तथा दक्षिणा डालकर अंजलि में अर्ध्यपात्र लेकर मंत्र पढ़ते हुए विशेषार्ध्य प्रदान करें।)

ॐ रक्ष रक्ष गणाध्यक्ष! रक्ष त्रैलोक्यरक्षक!।

भक्तानामभयं कर्ता त्राता भव भवार्णवात्।।1।।

द्वैमातुर! कृपासिन्धो षाण्मातुराग्रज प्रभो।

वरदस्त्वं वरं देहि वांछितं वांछितार्थद!।

अनेन सफलार्घ्येण फलदोऽस्तु सदा मम।।2।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री मन्महागणाधिपतये नमः, विशेषार्घ्यं समर्पयामि।

अर्घ्य के पश्चात् हाथ में पुष्प लेकर प्रार्थना करें-

गणेश प्रार्थना - (अक्षत पुष्प लेकर हाथ जोड़कर प्रार्थना करें)

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय,

लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।

नागाननाय श्रुति-यज्ञ-विभूषिताय,

गौरीसुताय गणनाथ! नमो नमस्ते।।1।।

भक्तार्ति-नाशनपराय गणेश्वराय,

सर्वेश्वराय शुभदाय सुरेश्वराय।

विद्याधराय विकटाय च वामनाय,

भक्त-प्रसन्न-वरदाय नमो नैमस्ते।।2।।

नमस्ते ब्रह्मरूपाय विष्णुरूपाय ते नमः।

नमस्ते रुद्ररूपाय करिरूपाय ते नमः।।3।।

विश्वरूप-स्वरूपाय नमस्ते ब्रह्मचारिणे।

भक्तप्रियाय देवाय नमस्तुभ्यं विनायक।।4।।

लम्बोदर! नमस्तुभ्यं सततं मोदकप्रिय!।

निर्विघ्नं कुरु में देव! सर्वकार्येषु सर्वदा।।5।।

त्वां विघ्न-शत्रु-दलनेति च सुन्दरेति,

भक्तप्रियेति सुखदेति फलप्रदेति।

विद्या-प्रदेत्यघ-हरेति च ये स्तुवन्ति,

तेभ्यो गणेश / वरदो भव नित्यमेंव।।6।।

गौरी प्रार्थना-

याः श्रीः स्वयं सुकृतिनां भवनेष्वलक्ष्मीः,

पापात्मनां कृतधियां हृदयेषु बुद्धिः।

श्रद्धा सतां कुलजन-प्रभवस्य लज्जा,

तां त्वां नताः स्म परिपालय देवि विश्वम्।।1।।

मेंधासि देति विदिताखिलशास्त्रसारा,

दुर्गासि दुर्गभवसागर नौरसंगा।

श्रीः कैटभारिहृदयैक-कृताधिवासा,

गौरी त्वमेंव शशिमौलि-कृतप्रतिष्ठा।।2।।

मुखे ते ताम्बूलं नयनयुगले कज्जल-कला,

ललाटे काश्मीरं विलसति गले मौक्तिक-लता।

स्फुरत्कांची शाटी पृथु-कटितटे हाटकमयी,

भजामि त्वां गौरीं नगपतिकिशोरीमविरतम्।।2।।

(इति कर्मकाण्डप्रबोधे श्रीगणेशाम्बिकापूजनम् समाप्तम्)

दीपपूजन

पूजा के समय ही कलश के बगल कलश के दाहिनी यजमान के बाएं द्वीप स्थापना करें, द्वीप स्थापना करें मन्त्र-

भो! दीप देवरुपस्त्वम् कर्म साक्षी भवाधिकृत।

यावत कर्म समाप्तिःस्यात्, सुस्थिरो भव सर्वदा।।

तथा उपर्युक्त मन्त्र को पढ़ते हुए दीपक पर छोड़ दें और पूर्व लिखित पूजा विधा द्वारा ही पूजन कर लिया जाए।

देव पूजन-

गौरी गणेश, कलश, नवग्रह और मात्रिका ये पूजा के पांच अंग माने जाते हैं इनको पंचांग की संज्ञा दी जाती है। पूजा चाहे बृहद (बड़ी) अथवा विशाल यज्ञायोजन हो वहां पर पंचांग देव पूजन का विधान है। इसको करना चाहिए। सनातन परम्परा में गौरी गणेश के साथ षोडष मात्रिका कलश एवं नवग्रह इनका पूजन वैदिक मन्त्रों द्वारा क्रमशः करना चाहिए।

साधक को सूर्य वैदिक मंत्र का 7000 (सात हजार) जप करना चाहिए तथा वैदिक मंत्र यदि सम्भ्व न हो तो सूर्य तांत्रिक मंत्र ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौ सः सूर्याय नमः एकाक्षरी बीज मंत्र "ॐ घृणिः सूर्याय नमः" जप की संख्या (सात हजार) 7000 होनी चाहिए।

वैदिक मंत्र:-

सूर्यमन्त्र:-

ॐ आकृष्णेन रजसा वर्त्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यञ्च।

हिरण्ण्ययेन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन्।।

दानः- मणिक्य, गेहूँ, धेनु, कमल, गुड़, लाल कपडा, लालपुष्प, सुवर्णसूर्य की अनुकूलता के लिए ब्राह्मण को दान करना चाहिए।

बताई गई विधा द्वारा चन्द्रमा तथा भौम का भी पूजन ऐसे ही करें। तथा मंत्रजप एवं दान की विधा इस प्रकार है।

चन्द्रमा:- वैदिक मंत्रः-

चन्द्रमन्त्र:-

ॐ इमन्देवा असपत्न : सुबद्धवम्महते क्षत्राय महते ज्ज्यैष्ठयाय महते पुत्रममुष्यै पुत्रमस्यै व्विश एष वोऽमी राजाजानराज्ज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय। इमममुष्यसोमो ऽस्म्माकं ब्ब्राह्मणाना राजा।।

जप संख्या:- 11000

पाद्यो पाद्य्म् हस्तयोरर्घ्यम् आचमनीयम् जलम् समर्पयामि

पंचामृत स्नान-दूध दही मधु घी शक्कर पंचद्रव्य को एकीकृत कर पंचामृत से भगवान् सूर्य को स्नान करवायें।

मंत्र:-

पञ्चामृतस्नानम् -ॐ पञ्च नद्यः सरस्वतीमपि यन्ति सस्रोतसः।

सरस्वती तु पञ्चधासो देशेऽभवत्सारित।।

पयो दधि घृत चैव शर्करामधुसंयुतम्।

पञ्चामृतं मयानीतं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्।।

शुद्धस्नान:- पंचामृत के स्नान के उपरान्त तीर्थ जल से सर्वांग शुद्ध स्नान करवाना चाहिए स्नान करवाते समय निम्न मंत्र का पाठ करवाना चाहिए-

मंत्र-

शुद्धोदकस्नानम् -

ॐ शुद्धवालः सर्वशुद्धवालो मणिवालस्त आश्विनाः।

श्श्येतः श्येताक्षोऽरुणस्ते रुद्राय पशुपतये कर्णा यामा अवलिप्ता रौद्रा नभोरूपाः पार्ज्जन्याः ||

स्नानार्थं तव देवेश पवित्रं तोयमुत्तमम्।

तीर्थेभ्यश्च समानीतं गृहाणपरमेश्वर।।

वस्त्र-उपवस्त्रः- स्नान के उपरान्त भगवान् सूर्य की प्रसन्नता के लिए लाल व सूती वस्त्र चढ़ाना चाहिए। यदि वस्त्र का अभाव हो तो रोली से रंगकर रूई अथवा रक्षा सूत्र को भी चढाने का विधान है।

मंत्रः-

वस्त्रम्-ॐ सुजातो ज्योतिषा सह शर्म वरूथमासदत्स्वः।

वासो ऽअग्ग्ने व्विश्वरूप संव्ययस्व विभावसो।।

सर्वभूषाधिके सौम्ये लोकलज्जानिवारणे।

मयोपपादितेतुभ्यं वाससी प्रतिगृह्यताम्।।

यज्ञोपवीतः- वस्त्र के उपरान्त भगवान् सूर्य को यज्ञोपवीत अर्पण करना चाहिए।

मंत्रः-

यज्ञोपवीतम् - यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत्सहजं पुरस्तात्।

आयुष्यमग्ग्र्यं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः।।

नवभिस्तन्तुभिर्युक्तं त्रिगुणं देवतामयम्।

उपवीतं मया दत्तं गृहाण परमेंश्वर।।

आचमन:- यज्ञोपवीत के बाद आचमन के निमित्त दो बार जल छोड़ना चाहिए।

चन्दन:- पूजा प्रकरण में ग्रह की प्रसन्नता के लिए मलयागिरि अथवा गोपी यदि दोनों न मिले तो हल्दी से चन्दन लगाना चाहिए।

मंत्र:-

गन्धम् (चन्दनम्).

ॐ त्वागन्धर्व्वा अखनस्त्वामिन्द्रस्त्वां बृहस्पतिः।

त्वामोषधे सोमो राजा विद्वान यक्ष्मादमुच्यत।।

श्रीखण्डं चन्दनं दिव्यं गन्धाढ्यं सुमनोहरम्।

विलेपनं सुरश्रेष्ठ चन्दनं प्रतिगृह्यताम्।।

रोली:- चन्दन के उपरान्त भगवान् सूर्य तथा ग्रह की प्रसन्नता के लिए रोलीचढ़ाना चाहिए।

मंत्र:-

कुंकुमम् -

कुङ्कुमं कामना दिव्यं कामिन्या काम-सम्भवम्।

कुड कुमेंनार्चितो देवमतः शान्तिं प्रयच्छ मे।

सिन्दूर:- रोली के उपरान्त सिन्दूर से भगवान् सूर्य की पूजा करनी चाहिए

मंत्रः-

सिन्दूरम्-सिन्दूरं शोभनं रक्तं सौभाग्यं सुखवर्धनम्।

शुभदं कामदं चैव सिन्दूरं प्रतिगृह्यताम्।

अक्षत:- सिन्दूर के उपरान्त भगवान् सूर्य (ग्रह) के निमित्त अखण्ड चावल को अर्पित करना चाहिए।

मंत्र:-

अक्षताः ॐ अक्षन्नमीमदन्तह्य्यवप्रियाऽअधूषत। अस्तोषत स्वभानवो विप्रा: नविष्ठया मतीयोजान्विन्द्र ते हरी।। हरी।।

अक्षताश्च सुरश्रेष्ठ कुङ्कुमाक्ताः सुशोभिताः।

निवेदिता मया भक्त्या गृहाण परमेंश्वर।।

फूलः- अक्षत के उपरान्त रक्त पुष्प के द्वारा भगवान् सूर्य को निवेदित करना चहिए।

मंत्रः-

पुष्पाणिॐ ओषधीः प्रतिमोदद्ध्वं पुष्पवतीः प्रसूवरीः।

अश्वा इव सजित्वरी वीरुधः पारयिष्ण्वः।।

अबीरः- भगवान् सूर्य को सुगन्धित अबीर एवं गुलाल निवेदित करना चाहिए

मंत्रः-

अबीर गुलालम् अबीरं च गुलालं च चारू चन्दनमेंव च।

अबीरेणार्चितो देव प्रसीद परमेंश्वर।।

इत्र:- अबीर के उपरान्त भगवान् सूर्य को इत्र चढाना चाहिए।

मंत्र:-

सुगन्धित द्रव्याणि (इत्र)-

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।

ऊर्वारूकमिव बन्धनान्मृबन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्।।

मालती चम्पकाशोकबकुलमोगरादिभिः।

वासितं स्निग्द्धहेतुश्च तैलं चारुप्रगृहयताम्।।

धूपः- इत्र के उपरान्त भगवान् को धूप दिखाना चाहिए।

मंत्र:-

धूपम्-ॐ ब्राहमणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः।

ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यांशूद्रो अजायत।।

दीपः- धूप के उपरान्त कपूर अथवा घी का दीपक भगवान् सूर्य को दिखानाचाहिए।

मंत्रः-

दीपम्-ॐ चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्य्यो अजायत।

श्रोत्राद् वायुश्च प्राणश्च मुखादग्निरजायत।।

साज्यं च वर्तिसंयुक्तं वन्हिना योजितं मया।

दीपं गृहाण देवेश त्रैलोक्यतिमिरापहम्।।

नैवेद्य:- भगवान् की प्रसन्नता के लिए नाना प्रकार के मिष्ठान तथा मेंवा इत्यादि से भगवान् को निवेदित करना चाहिए।

मंत्र:-

नैवेद्यम्-ॐ नाभ्या आसीदन्तरिक्ष शीष्र्णों द्यौः समवर्त्तत।

पद्भ्यां भूमिर्द्दिशः श्रोत्रात्तथा लोकाँ२ अकल्पयन्।।

ऋतुफल:-नैवेद्य के उपरान्त देवताओं के निमित्त ऋतुफल अर्पण करना चाहिए।

मंत्र:-

ऋतुफलम्ॐ याः फलिनीर्य्या ऽअफला अपुष्पा याश्च पुष्पिणीः।

बृहस्पतिप्प्रसूतास्ता नो मुञ्चन्त्व हसः।।

नानाविधानि दिव्यानि मधुराणि फलानि वै।

भक्त्यार्पितानि सर्वाणि गृहाण परमेंश्वर!!

सफल ताम्बूल:- ऋतुफल के उपरान्त देवताओं के निमित्त पान सुपाड़ी लौंग इलायची आदि अर्पित करना चाहिए।

मंत्र:-

ताम्बूलम् (पूगीफल-एला-लवङ्ग सहित)

ॐ यत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत।

वसन्तोऽस्यासीदाज्यंग्रीष्म इध्मः शरद्धविः।।

पूगीफलादि सहितं कर्पूरेण च संयुतम्।

ताम्बूलं कोमलं दिव्यं गृहाण परमेंश्वर।।

दक्षिणाः- सफल ताम्बूल के उपरान्त देवताओं को दक्षिणा प्रदान करना चाहिए।

मंत्र:-

दक्षिणा - ॐ हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।

स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥।

हिरण्यगर्भगर्भस्थं हेमबीजं विभावसोः।

अनन्तपुण्यफलदमतःशान्तिं प्रयच्छ में।।

प्रदक्षिणाः- दक्षिणा उपरान्त भगवान् सूर्य के निमित्त प्रदक्षिणा कराना चाहिए।

मंत्र:- यानि कानि च पापनि, जन्मांतर कृतानि च।

तानि सर्वार्णि नश्यन्तु प्रदक्षिण पदे-पदे।।

दान सामाग्री:- वंशपात्र, श्वेतचावल, श्वेतवस्त्र, श्वेत पुष्प, चीनी, वृषभ, घृत शंखदधि मोती कपूर

भौम का वैदिक मंत्र:-

भौममन्त्र:-

